प्रेषक,

थमीम अंसरिया ए,
अपर मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

1. मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपद –झांसी।
2. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला महिला/पुरूष चिकित्सालय, झांसी।

पत्र संख्या–SPMU/NHM/Visit/2019-20/32A/ 1837-2 दिनांक 29/05/2019

**विषयः– दिनांक 20 से 22 मई 2019 को राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या आपेक्षित सुधार/कार्यवाही के सम्बन्ध में।**

महोदय,

आप अवगत है कि अद्योहस्ताक्षरी के पत्रांक सं0–SPMU/NHM/Visit /2019-20 /32A/1578-3 दिनांक 17/05/2019 के माध्यम से राज्य स्तरीय भ्रमण दल द्वारा दिनांक 20 से 22 मई 2019 तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमो का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया है।

उपरोक्त के कम दिनांक 20 से 22 मई 2019 तक जनपद में किये गये सहयोगात्मक निरीक्षण की आख्या पत्र के साथ संलग्न कर जनपद में सम्बन्धित कार्यक्रमो के अन्तर्गत आपेक्षित सुधार किये जाने के सम्बन्ध में प्रेषित की जा रही है।

संलग्नक–यथोक्त

भवदीया

(थमीम अंसरिया ए)
अपर मिशन निदेशक

पत्र संख्या– SPMU/NHM/ Visit/2019-20/32A/ तद्दिनांक /05/2019

प्रतिलिपिः– निम्नखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. महानिदेशक , चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य भवन, उ0प्र0, लखनऊ।
2. महानिदेशक , परिवार कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
3. समस्त सम्बन्धित एस0पी0एम0यू0, अनुभाग।
4. अपर निदेशक, झांसी मण्डल, झांसी।
5. समस्त उप/अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, झांसी।
6. मण्डल कार्यक्रम प्रबन्धक, झासी मण्डल, झांसी।
7. समस्त एन0एच0एम0 जनपद स्तरीय प्रबन्धक/सलाहकार/समन्वयक आदि।

(थमीम अंसरिया ए)
अपर मिशन निदेशक

प्रेषक,

थमीम अंसरिया ए,
अपर मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

1. मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपद –झांसी।
2. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला महिला/पुरूष चिकित्सालय, झांसी।

पत्र संख्या–SPMU/NHM/Visit/2019-20/32A/ दिनांक 29/05/2019

**विषयः– दिनांक 20 से 22 मई 2019 को राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या आपेक्षित सुधार/कार्यवाही के सम्बन्ध में।**

महोदय,

आप अवगत है कि अद्योहस्ताक्षरी के पत्रांक सं0–SPMU/NHM/Visit /2019-20 /32A/1578-3 दिनांक 17/05/2019 के माध्यम से राज्य स्तरीय भ्रमण दल द्वारा दिनांक 20 से 22 मई 2019 तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमो का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया है।

उपरोक्त के क्रम दिनांक 20 से 22 मई 2019 तक जनपद में किये गये सहयोगात्मक निरीक्षण की आख्या पत्र के साथ संलग्न कर जनपद में सम्बन्धित कार्यक्रमो के अन्तर्गत आपेक्षित सुधार किये जाने के सम्बन्ध में प्रेषित की जा रही है।

संलग्नक–यथोक्त

भवदीया

(थमीम अंसरिया ए)
अपर मिशन निदेशक

पत्र संख्या– SPMU/NHM/ Visit/2019-20/32A/ 1837-2 (7) तद्दिनांक 29/05/2019

प्रतिलिपिः– निम्नखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. महानिदेशक , चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य भवन, उ0प्र0, लखनऊ।
2. महानिदेशक , परिवार कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
3. समस्त सम्बन्धित एस0पी0एम0यू0, अनुभाग।
4. अपर निदेशक, झांसी मण्डल, झांसी।
5. समस्त उप/अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, झांसी।
6. मण्डल कार्यक्रम प्रबन्धक, झासी मण्डल, झांसी।
7. समस्त एन0एच0एम0 जनपद स्तरीय प्रबन्धक/सलाहकार/समन्वयक आदि।

(थमीम अंसरिया ए)
अपर मिशन निदेशक

# अनुश्रवण एवं मूल्यांकन भ्रमण आख्या जनपद–झांसी

**राज्य स्तरीय भ्रमण – दल के सदस्य –**

1. **अभय द्विवेदी, तकनीकी सलाहकार, एन0पी0सी0बी0, एन0सी0डी0।**
2. **डा0 पी0के0 गंगवार, सलाहकार, एन0पी0सी0डी0सी0एस0, एन0सी0डी0।**

पत्रांक–SPMU/NHM/Jhansi Visit/2019-20/32A/ 1848-2 दिनांक-29/05/2019

**भ्रमण दिवस – दिनांक 20 सें 22 मई, 2019 को जनपद झांसी में राज्य स्तरीय भ्रमण दल एस0एस0वी0 द्वारा सम्पादित सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या के मुख्य बिन्दु।**

**प्रतिलिपि–** सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही के साथ सम्बन्धित अधिकारी द्वारा अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के सम्बन्ध हेतु।

1. महानिदेशक , चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य भवन, उ0प्र0, लखनऊ।
2. महानिदेशक , परिवार कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
3. समस्त सम्बन्धित एस0पी0एम0यू0, अनुभाग।
4. अपर निदेशक, झांसी मण्डल, झांसी।
5. मुख्य चिकित्साधिकारी/सचिव जिला स्वास्थ्य समिति झांसी।
6. समस्त उप/अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, झांसी।
7. मण्डल कार्यक्रम प्रबन्धक, झासी मण्डल, झांसी।
8. समस्त एन0एच0एम0 जनपद स्तरीय प्रबन्धक/सलाहकार/समन्वयक आदि।

| कार्यक्रम के बिन्दु | प्रदान किया गया सहयोग एवं सुझाव | जनपद द्वारा लक्षित कृत कार्यवाही |
|---|---|---|
| राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित समस्त कार्यक्रमों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा एवं जनपद में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान प्राप्त स्थितियों के सुधार हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 20.05.2019 को बैठक में प्रतिभाग किया गया। | समस्त ब्लाक अधीक्षक/प्रभारी, उप/अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, झांसी के साथ समीक्षा बैठक में वित्तीय वर्ष 2019–20 में कमिटेड धनराशि को समयबद्ध सीमा में नियमतः व्यय सुनिश्चित किया जाये। | सम्बन्धित अधिकारी/चिकित्सक/कर्मी |
| चिकित्सा इकाईयो को क्वालिटी इनडिकेटर पर चिकित्सा सेवा इकाईयो में आपेक्षित सुधार। | क्वालिटी इनडिकेटर मानको के अनुरूप चिकित्सा इकाईयो एवं जिला चिकित्सालयो में प्रदान किये जाने वाली सेवाओ को उच्चिकृत किया जाना। | सम्बन्धित इकाईयो के अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षकगण । |
| परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत नयी पहल किट के प्रभावी उपयोग। | चिकित्सा इकाईयो के नीय पहल किट एवं परिवार नियोजन कंडोम बाक्स आदि की मानको के अनुसार शत–प्रतिशत उपलब्धता। | अपर मु0चि0अ0 आर0सी0एच0/समस्त ब्लाक प्रभारी/अधीक्षक |
| अर्बन हेल्थ मिशन के अन्तर्गत समस्त इकाईयों पर आशा एवं ए0एन0एम0 का प्रभावी उपयोग व प्रतिमाह अर्बन इकाई पर आशा एवं ए0एन0एम0 की समीक्षा बैठक के सम्बन्ध में। | अर्बन हेल्थ मिशन के अन्तर्गत राज्य द्वारा प्रेषित दिशा–निर्देशो में निर्धारित मानको की उपलब्धि को शत–प्रतिशत अर्जित करने हेतु प्रतिमाह आशा व ए0एन0एम0 की समीक्षा बैठक के साथ अभिमुखीकरण किया जाये। | जनपदीय एन0यू0एच0एम0 समन्वयक/नोडल एन0यू0एच0एम0 |
| एम0एच0 कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तरीय एम0डी0आर0 की प्रभावी बैठक के सम्बन्ध में। | एम0डी0आर0 की बैठक आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में डी0पी0एम0 को जिम्मेदारी दी गयी। अधिकाशतः देखा गया है कि एम0डी0आर0 बैठक में ब्लाक इकाईयो से त्वरित सूचनाओ को अभाव पाया जाता है। अतः डी0सी0पी0एम0 व बी0सी0पी0एम0 के सहयोग से | डी0पी0एम0/अ0मु0चि0अ0 आर0सी0एच0 |

| | | |
|---|---|---|
| | एम0डी0आर0 के सम्बन्ध में समय–समय पर आशाओ का आपेक्षित अभिमुखीकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाता रहे। | |
| एम0एच0 कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लाक इकाईयों पर लाभार्थियों का भुगतान गत वर्ष 2019–20 में मासिक रूप से किये जाने के सम्बन्ध में। | जनपद से अपेक्षा की गयी कि जिन ब्लाक इकाईयो में जे0एस0वाई0 लाभार्थी भुगतान लम्बित हो तद्सम्बन्धित ब्लाक इकाईयो को डी0एच0एस0 की बैठक में सक्षम अधिकारी को अवगत करा कर कार्यक्रम हित में अग्रेतर कार्यवाही प्रतिमाह नियमतः सुनिश्चित की जाये। | अपर मुख्य चिकित्सापधिकारी नोडल एन0एच0एम0 /समस्त ब्लाक अधीक्षक/प्रभारी |
| एम0एच0 कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तरीय एच0आर0पी0, आनकॉल, पी0एम0एस0एम0ए0 एवं जी0डी0एम0 के अन्तर्गत डैप वित्तीय वर्ष 2019–20 में स्वीकृत भौतिक एवं वित्तीय निर्देशो के अनुपालन के सम्बन्ध में। | जनपदीय अधिकारीगणो एवं डी0पी0एम0यू0 को उक्त कार्यक्रम बिन्दुओं के अनतर्गत कार्य सम्पादित कराने के लिए जानकारी प्रदान की गयी। | सम्बन्धित अधिकारीगण/कर्मी |
| आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लाकों में कार्यरत समस्त टीम A व B से राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टिक्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम प्रत्येक सप्ताह बच्चो के दृष्टिदोष स्कीनिग एवं निःशुल्क चश्मा वितरण के सम्बन्ध में। | डी0आई0सी0 एवं ब्लाक प्रभारियों को सम्बन्धित राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टिक्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम प्रत्येक सप्ताह बच्चो के दृष्टिदोष स्कीनिग एवं निःशुल्क चश्मा वितरण हेतु लक्ष्य के सापेक्ष कार्ययोजना बना कर बच्चो के निःशुल्क चश्मा वितरण शत–प्रतिशत उपलब्धि अर्जित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | सम्बन्धित ब्लाक प्रभारी एवं डी0आई0सी0 |
| रोगी कल्याण समिति का कार्यवाही रजिस्टर को प्रतिमाह बैठक कर अधुनान्त नहीं किया जा रहा है एवं आशा शिकायत प्रकोष्ठ की आपेक्षित जानकारी के सम्बन्ध में। | टीम द्वारा सम्बन्धित इकाई को अवगत कराया गया कि प्रतिमाह मानको के अनुसार बैठक आयोजित की जाये व नियमतः रोगी कल्याण हेतु व्यय सुनिश्चित किया जाये एवं आशा शिकायत प्रकोष्ठ का स्वास्थ्य इकाईयो पर आपेक्षित प्रचार–प्रसार भी किया जाये। | समस्त बी0सी0पी0एम0/समस्त ब्लाक प्रभारी/अधीक्षक/डी0सी0पी0एम0 अ0मु0चि0अ0 एनएच0एम0 |
| लेखा सम्बन्धित | टीम द्वारा जिला लेखा प्रबन्धक को निर्देश दिए गए कि प्रतिमाह पूर्व निर्धारित आदेश के अनुरूप जनपद स्तर पर ब्लाक लेखा प्रबन्धक की बैठक आयोजित की जाए एवं एन0एच0एम0 वित्तीय मैनुवल/आडिट सम्बन्धित विषयों की प्रगति पर क्षमतावर्धन किया जाए। | समस्त ब्लाक लेखा प्रबन्धक/जिला लेखा प्रबन्धक |
| राष्ट्रीय फ्लोरोसिस बचाव एवं नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018–19 में प्रयोगशाला स्थापना इत्यादि एफ0एम0आर0 कोड 6.5.3 में राज्य से 07 लाख की धनराशि को वित्तीय वर्ष 2019–20 में रक्षित कराये जाने से जनपद द्वारा विलम्ब होने के सम्बन्ध में। | टीम द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2019–20 में प्रयोगशाला स्थापना इत्यादि एफ0एम0आर0 कोड 6.5.3 में राज्य से 07 लाख की धनराशि को वित्तीय वर्ष 2019–20 में राज्य स्तर से जनपद झांसी की धनराशि को रक्षित करा दिया गया है जिससे प्रयोगशाला स्थापना मानको के अनुसार की जा सकें। | डी0पी0एम0/डी0ए0एम0/नोडल एन0पी0पी0सी0एफ0 |
| **मातृत्व स्वास्थ्य** | टीम द्वारा राज्य द्वारा प्रदत्त लेबररूम, लेबर वार्ड, आई0ई0सी0, उपकरण, इमरजेन्सी ट्रे, आक्सीजन सलेण्डर, स्टलाईजेसन, वेस्ट डिस्पोजल, बेबी वार्मर, अम्बु बैग, कैलिसपैड, मेकनटास्क, लेबर टेबल, लैप, 24X7 रनिग वाटर एवं बिजली, प्रसव पजीका रजिस्टर, रेफर रजिस्टर, नवजात प्रतिरक्षण, एच0आर0पी0 रजिस्टर, | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका/अपर मुख्य चिकित्साधिकारी आर0सी0एच0 एवं समस्त अधीक्षक/प्रभारी चिकित्साधिकारी से आपेक्षित की मानको के अनुरूप जिला महिला चिकित्सालय/समस्त ब्लाक इकाईयों को शत–प्रतिशत |

| | | |
|---|---|---|
| | जे0एस0एस0के0 निःशुल्क दवाये, जे0एस0एस0के0 निःशुल्क भोजन, जे0एस0वाई0 भुगतान, निःशुल्क ब्लड , मानक के आधार पर मातृत्व स्वास्थ्य से सम्बन्धित रजिस्टर, बेस्ट फिडिग कार्नर, कगारू मदर केयर आदि पर राज्य द्वारा उपलब्ध दिशा–निर्देशों के अनुरूप समस्त ब्लाक इकाई एवं जनपदीय महिला चिकित्सालय को व्यवस्थित करना सुनिश्चित किया जाये। | व्यवस्थित किया जाना। |
| एच0एम0आई0एस0/एम0सी0टी0एस0 | जनपद से डेटा वैलिडेशन किए जाने के लिए निर्देश दिए गए। | समस्त ब्लाक एवं जनपद आपरेटर/डी0पी0एम0 |
| कम्युनिटी प्रोसेस | जनपद में आशा भुगतान, आशा शिकायत प्रकोष्ठ, आशा यूनिफार्म, आशा मासिक बैठक, आशा चयन, अकियाशील आशाओं का चिन्हिकरण, आशा प्रशिक्षण आदि की भ्रमण में पायी गयी स्थिति के आधार पर चर्चा की गयी एवं समस्त इकाईयों से शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाने का सुझाव दिये गये। | प्रा0/अ0 चिकित्साधिकारी द्वारा मानक के अनुरूप व्यवस्थओं को गतिशील प्रदान करेगे। |

## प्रथम दिवस दिनांक–20/05/2019

टीम द्वारा जनपद लखनऊ से प्रातः 06.00 से जनपद झांसी को सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के लिये प्रस्थान किया गया। टीम अपराह्न 01.00 बजे जनपद झांसी पहुंची। टीम द्वारा जनपद में मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रतिभाग किया गया। राज्यस्तरीय टीम द्वारा जनपद झांसी की पी0एच0सी0/सी0एच0सी0 स्वास्थ्य इकाईयो के प्रभारी/अधीक्षक चिकित्सको से वित्तीय वर्ष 2019–20 में कमिटेड की गयी धनराशि के सापेक्ष व्यय एवं अग्रिम माह में कमिटेड धनराशि को व्यय किये जाने पर समीक्षा की गयी साथ ही साथ सम्बन्धित चिकित्सा इकाईयो को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित कार्यकमो के दिशा–निर्देशो के बारे में अभिमुखीकरण किया गया। राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण दल द्वारा दस्त पखवाड़े के आयोजन में स्वास्थ्य चिकित्सा इकाईयो की रणनीति पर चर्चा व मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

टीम द्वारा जिला महिला चिकित्सालय का सहयोगात्मक निरीक्षण किया गया, जिसमें निम्नवत् मुख्य स्थितियां पायी गयी–

- जिला महिला चिकित्सालय में साफ–सफाई का अभाव पाया गया एवं चिकित्सालय में वेस्ट डिस्पोजल जगह–जगह पड़ा मिला।
- चिकित्सालय में वार्ड, लेबर रूम, ओ0पी0डी0 प्रागंण में जगह–जगह गन्दगी के साथ पान के निशान मिले, जिस पर टीम द्वारा सफाई कराने के लिये निर्देशित किया गया।
- टीम द्वारा लेबर रूम का निरीक्षण करने पर पाया गया कि नवजात शिशु वजन करने की मशीन एवं बेबी वार्मर लेबर रूम में अकियाशील अवस्था में पाये गये।
- जिला महिला चिकित्सालय में पृथक रूप से दो लेबर रूम स्थापित किये गये है। जहां एक लेबर रूम में डिजीटल घड़ी उपलब्ध है एवं दूसरे लेबर रूम में डिजीटल घड़ी उपलब्ध नहीं पायी गयी।
- जिला महिला चिकित्सालय के लेबर रूम में Sterile water for injection I.P मार्च 2019 की Exp. इम्पूल पाया गया। इसी प्रकार Sterile Dopamine concentrate I.P अप्रैल 2019 की पायी गयी, जिस पर टीम

द्वारा उपस्थित डां0 प्रियंका चौधरी से पूछने पर अवगत कराया गया कि वे अप्रैल 2019 से छुट्टी पर थी और दिनांक 20/05/2019 को अपराह्न 02.00 बजे अपनी ड्यूटी ज्वाइन की गयी है। लेबर रूम में उपस्थित स्टार्फ नर्स ओमवती और ज्योति से पूछने पर उनके द्वारा अपनी गलती मानी गयी और भविष्य में इस प्रकार की पुर्नरावृति न किये जाने के लिये टीम के सदस्यो को अश्वस्त कराया गया।

- टीम द्वारा जे0एस0वाई प्रसूताओ वार्ड के निरीक्षण में प्रसूता अदिति पत्नी रिकू निवासी चमराआ जनपद झांसी से पूछने पर ज्ञात हुआ कि दीपक नाम के व्यक्ति द्वारा प्रसव के नाम पर रू0 1500.0 लेने की जानकारी प्राप्त हुयी। टीम द्वारा पता करने पर सज्ञान में आया कि दीपक नाम का व्यक्ति एन0यू0एच0एम0 में चौकीदार के पद पर कार्यरत है सि पर टीम द्वारा दीपक नाम के व्यक्ति को बुला कर प्रसूता एवं प्रसूता के परिवार के समक्ष समस्त घटना को सत्यापित पाया गया और दीपक द्वारा प्रसूता अदिति को नगद रू0 1500.00 की वापसी करायी गयी। दीपक द्वारा राज्य स्तरीय टीम के समक्ष अपनी गलती की माफी गांगी गयी और टीम को आश्वस्त किया गया कि भविष्य में इस प्रकार की गलती नहीं होगी, चूंकि राज्य स्तरीय टीम के निरीक्षण के दौरान जिला महिला अधीक्षिका, जनपद झांसी उपस्थित नहीं थी तदस्थिति में टीम द्वारा सम्बन्धित घटना की जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी, झांसी को उपलब्ध करायी गयी।

## द्वितीय दिवस दिनांक–21/05/2019

**टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बड़ागांव, झांसी का निरीक्षण डा0 आर0एस0 वर्मा, नोडल, एन0सी0डी0/अपर मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ संयुक्तरूप से किया गया। सी0एच0सी0 बडेगांव में टीम द्वारा सहयोगात्मक निरीक्षण के दौरान निम्नवत् पाए गए मुख्य बिन्दु––**

- सी0एच0सी0, बड़ांगांव में मुख्य मार्ग से चिकित्सा इकाई हेतु स्ईन बोर्ड लगा पाया गया, प्रागंण मे साफ–सफाई एवं पेड़–पौधे आदि मानको के अनुरूप व्यवस्थित पाये गये।
- चिकित्सा इकाई में ओ0पी0डी0, आई0पी0डी0, वार्ड, लेबर रूम आदि कक्षो में मानको के अनुसार चिकित्सा सेवा प्रदान किये जाने का विवरण, कक्ष सं0 एवं वेस्ट डिस्पोजल आदि व्यवस्थित पाया गया।
- एन0टी0सी0पी0 कार्यकम के अन्तर्गत उपलब्ध करायी गयी आई0ई0सी0 बल्क में कक्ष में रखी पायी गयी जिस पर टीम द्वारा निर्देश दिये गये कि समस्त आई0ई0सी0 को 02 दिवस के भीतर सम्बन्धित स्थानो पर लगवाना सुनिश्चित करे।
- एन0पी0सी0डी0सी0एस0 कार्यकम के अन्तर्गत स्वाति श्रीवास्तव काउन्सलर दिनांक 21/05/2019 को अनुपस्थित थी किन्तु उपस्थित पंजीका में स्वाति श्रीवास्तव के हस्ताक्षर अंकित थे जिसकी समस्त जानकारी अधीक्षक से प्राप्त कर व अद्युन्नांत करा कर मुख्य चिकित्साधिकारी, झांसी को उपलब्ध करायी गयी।
- लेबर रूम मानको के अनुरूप व्यवस्थित पाया गया एवं सम्बन्धित रजिस्टर आदि राज्य द्वारा दिये गये मानको के अनुसार अंकित किया जा रहा था।
- प्रतिरक्षण कक्ष में आई0एल0आर0 एवं डीरेफ्रिजरेटर आदि में कोल्ड चेन व्यवस्थित पायी गयी।
- आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम के अन्तर्गत चिकित्सा इकाई की टीम A व B अपराह्न 12.00 बजे फिल्ड से अपना भ्रमण पूरा कर अपने निवास के लिये प्रस्थान कर गयी जिसपर दूरभाष पर वार्ता कर आर0बी0एस0के0 टीम को चेतावनी दी गयी कि क्षेत्रभ्रमण के उपरान्त टीम को राज्य द्वारा प्राप्त दिशा–निर्देशो के अनुरूप चिकित्सा इकाई पर आ कर निर्धारित कार्यो को सम्पादित करना है।

**टीम द्वारा नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/हेल्थ इन वेल्नेस सेन्टर आम्बावाया, झांसी का निरीक्षण किया गया एवं सी0एच0सी0 बडेगांव में टीम द्वारा सहयोगात्मक निरीक्षण के दौरान निम्नवत् पाए गए मुख्य बिन्दु––**

- चिकित्सा इकाई में मानको के अनुसार साइनेज, आई0ई0सी0 आदि संतोषजनक पाया गया।
- चिकित्सा इकाई में ओ0पी0डी0 एवं लैब परीक्षण की सेवाये संतोषजनक पायी गयी।
- चिकित्सा इकाई पूर्व में भी कायाकल्प अवार्ड प्रदान किया गया है।

- पैरा मेडिकल स्टार्फ को राज्य टीम द्वारा एन0एच0एम0 द्वारा कार्यक्रमो में दिये गये निर्देशो एवं आपेक्षित चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा की जानकारियो से अभिमुखीकरण किया गया।

## तृतीय दिवस दिनांक–22/05/2019

- टीम द्वारा ब्लाक अधीक्षक के साथ संयुक्त रूप वी0एच0एन0डी0 सत्र जरयाई, ग्राम जरयाई पर ए0एन0एम0 श्रीमती कमलेश यादव एवं आशाबहु अर्चना के क्षेत्र का सहयोगात्मक निरीक्षण किया गया, सत्र में सहयोगात्मक निरीक्षण में पाए गए मुख्य बिन्दु–
- ए0एन0एम0 श्रीमती कमलेश यादव, आशा श्रीमती अर्चना एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री सत्र पर अपने–अपने कार्यो को सम्पादित करती हुई टीम को मिली।
- सत्र स्थल पर बैनर, हब कटर, डिस्पोजल पालिथिन, ए0डी0 सिरिंज, प्रतिरक्षण वैक्सीन में ओ0पी0वी0 वैक्सीन वैक्सीन उपलब्ध पाए गए, वैक्सीन पर दिनांक व समय भी अंकित पाया गया, हब कटर कियाशील व उपयोग, कुपोषण मीटर उपलब्ध नहीं पाया गया, एच0आर0पी0 रजिस्टर उपलब्ध था, ड्यूलिस्ट भी उपलब्ध थी एव एम0सी0पी0 कार्ड उपलब्ध पाया गया जिस पर टीम द्वारा प्रतिरक्षण सत्र के समस्त कर्मियों को प्रोत्साहित किया गया।
- सत्र स्थल पर ए0एन0एम0 द्वारा प्रतिरक्षण कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को टीकाकरण लगाने के उपरान्त पांच संदेश नहीं दिए जा रहे थे जबकि ए0एन0एम0 को पांचो सदेश जानकारी थी। टीम द्वारा ए0एन0एम0 को क्षमतावर्धन किया गया कि प्रत्येक टीकाकरण लाभार्थी को व उनके परिवार के सदस्यो को टीकाकरण के उपरान्त निर्धारित पांच संदेश दिया जाना आवश्यक है।
- कुपोषण मीटर ए0एन0एम0 के पर्स में रखा था किन्तु उसका उपयोग नहीं किया जा रहा था।
- ड्यू लिस्ट एवं ड्राप आउट लिस्ट मानकीय प्रारूप में न होकर पृथक रूप से अन्यत्र कापी में अंकित पाई गई।
- सत्र में कण्डोम, ओरल पिल्स उपलब्ध नहीं पाई गई टीम द्वारा वस्तुस्थल पर अधीक्षक को स्थिति से अवगत कराया गया। अधीक्षक द्वारा टीम को आश्वस्त किया गया कि सी0एच0सी0 इकाई पर प्रचूर मात्रा में कंडोम एवं ओरल पिल्स उपलब्ध है जिसे आज ही ए0एन0एम0 को उपलब्ध करा दी जायेगी।
- टीम द्वारा ए0एन0एम0, आशा एवं आंगनबाड़ी को सत्र स्थल पर ड्यू लिस्ट ड्राप आउट लिस्ट, एच0आर0पी0 लिस्ट, की पांच संदेश, पोषण युक्त भोजन बच्चे व धात्री महिलाओं के लिए एवं कुपोषण मीटर के प्रभावी उपयोग एवं सूची निर्माण हेतु हैण्ड होल्डिंग प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

उक्त भ्रमण में टीम द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 में आनगोविंग गतिविधि में कमिटेड धनराशि पर व्यय हेतु प्रगति रिपोर्ट पर के अनुरूप व्यय प्लानर बनाकर व्यय कराने के लिये जिला लेखा प्रबन्धक को अवगत कराते हुये यह भी निर्देश दिये गये कि कमिटेड धनराशि की वित्तीय समीक्षा प्रत्येक 15 दिन में की जाये, जिससे जनपद में ससमय कमिटेड धनराशि को शत–प्रतिशत व्यय किया जा सकें।

(अभय द्विवेदी)
(तक0 सलाहकार, एन0पी0सी0बी0वी0आई0)

(डा0 पी0के0 गंगवार)
(सलाहकार, एन0पी0सी0डी0सी0एस0)